दिन– शुक्रवार दिनांक– 27 / 06 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.50 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. पटना उच्च न्यायालय ने बिहार पुलिस में उन्नीस हजार आठ सौ अट्ठावन सिपाहियों के स्थानांतरण पर लगी अंतरिम रोक को हटाया।

02. कांग्रेस पार्टी ने कहा– विधानसभा चुनाव में तेजस्वी यादव मुख्यमंत्री का चेहरा होंगे।

03. आय से अधिक संपत्ति के मामले में आर्थिक अपराध इकाई ने मोतिहारी में पदस्थापित लेखापाल राजेश कुमार के पटना सहित छह ठिकानों पर छापेमारी में अवैध संपत्ति से संबंधित कई दस्तावेज बरामद किए।

04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान औरंगाबाद, गया और नवादा सहित प्रदेश के कई भागों में वज्रपात के साथ बारिश की चेतावनी जारी की।

---

पटना उच्च न्यायालय ने बिहार पुलिस में उन्नीस हजार आठ सौ अट्ठावन सिपाहियों के स्थानांतरण पर लगी अंतरिम रोक को हटा दिया है। कार्यवाहक न्यायाधीश न्यायमूर्ति आशुतोष कुमार की अगुवाई वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार की अपील पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। हालांकि, जिन सिपाहियों ने कोर्ट में याचिका दायर की थी उनके स्थानांतरण पर फिलहाल रोक जारी रहेगी। कोर्ट ने स्पष्ट करते हुए कहा कि याचिकाकर्ताओं के तबादलों पर अंतरिम रोक तब तक बनी रहेगी जब तक अंतिम सुनवाई नहीं हो जाती, लेकिन अन्य सभी सिपाहियों के स्थानांतरण वैध रूप से लागू माने जाएंगे। गौरतलब है कि पांच को राज्य सरकार ने एक आदेश जारी कर राज्य भर के उन्नीस हजार आठ सौ अट्ठावन सिपाहियों का तबादला एक जिले से दूसरे जिले में कर दिया था। इस फैसले को कुछ सिपाहियों ने पटना हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। याचिकाकर्ताओं की दलील थी कि बिहार में दो हजार बाईस के बाद कोई नई ट्रांसफर पॉलिसी लागू नहीं होने के बावजूद इतने बड़े पैमाने पर स्थानांतरण नियमों के खिलाफ है।

---

इधर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कल नवचयनित इक्कीस हजार तीन सौ इक्यानवे सिपाहियों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। पटना के बापू सभागार में आयोजित कार्यक्रम में नवचयनित सिपाहियों को नियुक्ति पत्र दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में

विधि व्यवस्था सुदृढ़ बनाने के लिए उनकी सरकार शुरू से ही काम कर रही है। श्री कुमार ने कहा कि राज्य में पुलिस विभाग में दो लाख से अधिक पदों का सृजन कर तेजी से पुलिसकर्मियों की बहाली की जा रही है। इससे आम लोगों की बेहतर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित हो सकेगी।

———————————————————————————

भ्रष्टाचार और काले धन के खिलाफ कार्रवाई के तहत आर्थिक अपराध इकाई ने आज मोतिहारी में पदस्थापित राज्य खाद्य निगम के लेखापाल राजेश कुमार के छह ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। छापेमारी की यह कार्रवाई पटना, मोतिहारी, मुजफ्फरपुर और हाजीपुर में स्थित कुल छह ठिकानों पर की गई। ईओयू के अधिकारियों के अनुसार जांच में राजेश कुमार के द्वारा नकद लेन–देन और अचल संपत्ति में निवेश करने के प्रमाण मिले है। इसके साथ ही उन्होने कई फर्जी खातों के माध्यम से काले धन को वैध बनाने की भी कोशिश की है। आर्थिक अपराध इकाई के अधिकारी ने कहा है कि आरोपी के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई की जायेगी।

———————————————————————————

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले कांग्रेस ने तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री के चेहरे के रूप में स्वीकार कर लिया है। कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार ने आज संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि तेजस्वी यादव को सीएम पद का मुख्य चेहरा बनाने को लेकर महागठबंधन में कोई भ्रम या विवाद नहीं है। श्री कुमार ने कहा कि अगर बिहार विधानसभा चुनाव में महागठबंधन को बहुमत मिलता है तो मुख्यमंत्री राजद से होगा। गौरतलब है कि एक दिन पहले ही कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद डॉ अखिलेश सिंह ने भी तेजस्वी के मुख्यमंत्री बनने का समर्थन किया था।

———————————————————————————

राजद नेता तेजस्वी यादव ने चुनाव आयोग की ओर से बिहार विधानसभा चुनाव से पहले मतदाताओं के पुनरीक्षण कार्य पर सवाल उठाया है। श्री यादव ने आज पटना

में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि जब हाल ही में मतदाता सूची बनाई गई थी तो फिर चुनाव से दो महीने पहले ऐसा क्यों किया जा रहा है।

———बाइट———

————————————————————————————————————

उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कांग्रेस और राजद पर संवैधानिक संस्थाओं का अपमान करने का आरोप लगाया है। उपमुख्यमंत्री ने आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि अगर चुनाव आयोग पारदर्शिता और स्वच्छता के साथ मतदाताओं की पहचान करना चाहता है तो इसमें विपक्ष को परेशानी क्यों हो रही है। श्री सिन्हा ने कहा कि इन लोगों को संविधान पर विश्वास नहीं है।

———बाइट———

————————————————————————————————————

भाजपा प्रदेश कार्यालय, पटना में आयोजित मिलन समारोह में राजद नेता डॉक्टर अजीत कुमार यादव समेत कई कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर दिलीप जायसवाल ने सभी लोगों का पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि इससे शाहाबाद और मगध क्षेत्र में पार्टी मजबूत होगी।

————————————————————————————————————

उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि सरकार ने पथ निर्माण विभाग की दो महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए बहत्तर करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। उन्होंने बताया कि पहली परियोजना गोपालगंज जिले में स्थित प्रसिद्ध थावे मंदिर के संपर्क पथ कार्यों से जुड़ी है। वहीं, दूसरी परियोजना पटना जिला के परसा–सम्पतचक तक पथ का चौड़ीकरण कार्य से संबंधित है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि इन परियोजनाओं से गोपालगंज जिले के थावे मंदिर जैसे धार्मिक स्थलों के लिए संपर्क बेहतर होंगे वहीं पटना महानगर और उसके ग्रामीण इलाकों की सड़क कनेक्टिविटी भी सुगम होगी।

———————————————————————————————

राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग; के अध्यक्ष हंसराज अहीर ने कहा है कि केन्द्र सरकार पिछड़े और अत्यंत पिछड़ा वर्ग के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि इन वर्गों के उत्थान के लिए कई कल्याणकारी उपाय किए गए हैं। आयोग के अध्यक्ष कल गया में समीक्षा बैठक करेंगे।

———————————————————————————————

प्रदेश में वृद्धा पेंशन योजना से नये बुजुर्गों को जोड़ने के लिए जीवन प्रमाणीकरण किया जाएगा। समाज कल्याण विभाग की सचिव बंदना प्रेयषी ने बताया कि वर्ष दो हजार बाईस में लाभार्थियों का प्रमाणीकरण हुआ था। उसके बाद कई लाभार्थियों की मृत्यु हो चुकी है। सचिव ने बताया कि जीवन प्रमाणीकरण होने से सही लाभार्थी की पहचान होने के साथ ही नये लाभार्थियों को योजना से जोड़ा जा सकेगा।

———————————————————————————————

सरकार ने दिव्यांगजनों और बुजुर्ग नागरिकों की सुविधा के लिए सुगम्य भारत ऐप को नया रूप दिया है। उन्नत सुविधाओं में उपयोगकर्ताओं को कम समय में सहायता करने के लिए एआई संचालित चैटबॉट और विकलांग व्यक्तियों के लिए सरकारी योजनाओं और अन्य मूल्यवान संसाधनों का एकीकरण शामिल है।

———————————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार उनतीस जून को सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ विचार साझा करेंगे। यह इस कार्यक्रम की एक सौ तैइसवीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क पर प्रसारित किया जाएगा। इसके अलावा मन की बात का प्रसारण आकाशवाणी की वेबसाइट तथा न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल एप पर भी उपलब्ध होगा। कार्यक्रम को प्रसार भारती के वेव्स ओटीटी प्लेटफार्म पर भी सुना जा सकता है। मन की बात कार्यक्रम का आकाशवाणी, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और

सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारण होगा। इसके तुरंत बाद मैथिली भाषा में इसका प्रसारण आकाशवाणी के दरभंगा केन्द्र से किया जायेगा। इसी प्रसारण को दोबारा रात्रि आठ बजे से भी सुना जा सकता है।

---

राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस के अवसर पर उद्योग विभाग की ओर से विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के एक सौ पचहत्तर लाभुकों को तीन करोड़ छब्बीस लाख रूपये हस्तांतरित किए गए। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह ने कहा कि राज्य में निवेशकों को आकर्षित करने और औद्योगिक विकास को गति देने के लिए निवेश प्रोत्साहन बोर्ड का गठन किया गया है। इससे बड़े उद्योंगों की स्थापना को बल मिल रहा है।

---

प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के दक्षिण और उत्तर भाग के कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश रिकॉर्ड की गई। इस दौरान औरंगाबाद जिले में बावन किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चली। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के अनुसार अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–मध्य भागों के कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश हो सकती है।

–––बाइट–––

---

बिहार नेत्रहीन परिषद के तत्वावधान में हेलन केलर की एक सौ पैंतालीसवीं जयंती मनाई गई। समारोह में उमंग नामक स्मारिका का आज विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर परिषद के अध्यक्ष डॉक्टर परमेश्वर प्रसाद और महासचिव डॉक्टर नवल किशोर शर्मा ने सरकार से दिव्यांग पेंशन की राशि ग्यारह सौ रूपये प्रति माह से

बढ़ाकर तीन हजार रूपये प्रति माह करने की मांग की। उन्होंने सरकार से कॉलेज में पढ़ने वाले दिव्यांग छात्रों की छात्रवृत्ति भी शीघ्र लागू करने का अनुरोध किया।

---

पटना में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा का आयोजन किया गया। इस्कॉन मंदिर पटना से निकाली गई रथ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं पर जगह–जगह लोगों ने पुष्प वर्षा की। मंदिर के प्रबंधक वीनू विनोद दास ने बताया कि चालीस फीट लंबे रथ पर भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा को विराजमान किया गया था। रथ यात्रा इस्कॉन मंदिर से निकलकर बुद्धमार्ग, तारामंडल, बेलीरोड, न्यू डाकबंगला रोड और कोतवाली होते हुए इस्कॉन मंदिर पर समाप्त हुई।

---

प्रदेश में श्रावणी मेले को लेकर तैयारियां व्यापक स्तर पर जारी हैं। मेले के लिए मुजफ्फरपुर के आरडीएस कॉलेज में टेंट सिटी बनाई जाएगी। पर्यटन सचिव लोकेश कुमार सिंह ने मेले की तैयारियों की समीक्षा के बाद बताया कि इस टेंट सिटी में एक हजार लोगों के बैठने की क्षमता होगी। उन्होंने बताया कि इस दौरान पहलेजा घाट से बाबा गरीबनाथ तक श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्था की जाएगी। इधर, रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए श्रावणी मेले के दौरान पटना से आसनसोल के बीच विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह मेला स्पेशल ट्रेन ग्यारह जुलाई से नौ अगस्त तक सप्ताह में पांच दिन चलेगी।

---

हावड़ा से न्यू जलपाईगुड़ी के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस का जल्द ही किशनगंज में ठहराव होगा। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर दिलीप जायसवाल ने कहा कि रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस संबंध में उन्हें आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि जुलाई महीने तक इसकी अधिसूचना जारी हो जायेगी। श्री जायसवाल ने कहा कि इससे लोगों को ना सिर्फ आसान और आरामदायक सफर की सुविधा मिलेगी बल्कि क्षेत्रीय विकास को भी नई गति मिलेगी।

———————————————————————————————————

01. पटना उच्च न्यायालय ने बिहार पुलिस में उन्नीस हजार आठ सौ अट्ठावन सिपाहियों के स्थानांतरण पर लगी अंतरिम रोक को हटाया।

02. कांग्रेस पार्टी ने कहा– विधानसभा चुनाव में तेजस्वी यादव मुख्यमंत्री का चेहरा होंगे।

03. आय से अधिक संपत्ति के मामले में आर्थिक अपराध इकाई ने मोतिहारी में पदस्थापित लेखापाल राजेश कुमार के पटना सहित छह ठिकानों पर छापेमारी में अवैध संपत्ति से संबंधित कई दस्तावेज बरामद किये।

04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान औरंगाबाद, गया और नवादा सहित प्रदेश के कई भागों में वज्रपात के साथ बारिश की चेतावनी जारी की।

———————————————————————————————————

समाप्त